परिषद मे हिन्दी दिवस कार्यक्रम का आयोजन

जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल कई दशकों से राजभाषा के प्रचार- प्रसार में अहम भूमिका निभाते आया है। गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी 14 सितंबर हिन्दी दिवस के अवसर पर परिषद के मुख्य कार्यालय मे वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे श्री कॉलीन शाह - उपाध्यक्ष - जीजेईपीसी, श्री अनिल वीरानी संयोजक - प्रशासन एवं वित्त समिति, श्री महेश वगानी - सदस्य बीडीबी, श्री सब्यासाची राय - कार्यकारी निदेशक-जीजेईपीसी, श्री संदीप शर्मा -सीएफओ, जीजेईपीसी सहित परिषद के मुख्य कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या मे मौजूद रहे।

पुरस्कार वितरण समारोह में परिषद द्वारा वर्ष भर मे आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे पत्रलेखन, वाक्य रचना , गायन इत्यादि प्रतियोगिता के विजेताओं के अतिरिक्त हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वालों तथा परिषद की गृह पत्रिका रत्न संचयिका के 16 वे संस्करण में गद्य - पद्य (लेख-कविता) में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओ को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए श्री सब्यासाची राय, कार्यकारी निदेशक ने कहा कि ‘परिषद न केवल राजभाषा, वाणिज्य व उद्योग मंत्रालयों के दिशा -निर्देशों का पालन कर रहा है बल्कि राजभाषा द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने के लिए भी सदैव प्रयासरत रहा है। परिषद के सदस्यों को विभिन्न सर्कुलर, नोटिस, न्यूज लेटर, के.पी प्रमाण पत्र सहित विभिन्न महत्वपूर्ण चीजों को द्विभाषी रूप में भेजा जाता है। इसके अलावा हिंदी विभाग द्वारा समय - समय पर विभिन्न प्रतियोगिता व कार्यशाला का आयोजन कर हिंदी भाषा में अधिकारियों व कर्मचारियों के हिंदी में ज्ञान का प्रशीक्षण दिया जाता है। परिषद के अधिकारी व कर्मचारी गृह पत्रिका रत्न संचयिका में हिंदी में लेख - कविता लिखते हैं, जो इस बात का सबूत है कि हिंदी में कार्य करने के लिए हर तरह संभव कोशिश करते हैं।

जीजेईपीसी , उपाध्यक्ष श्री कॉलिन शाह ने कहा कि परिषद से मैं पिछले 2 साल से जुड़ा हुआ हूं औऱ अपने अनुभव के आधार पर कहना चाहूंगा कि उद्योग के समग्र विकास के लिए परिषद द्वारा किए जा रहे कार्य काबिले तारीफ है। परिषद उद्योग व अपने सद्स्यों की हर समस्या पर विशेष ध्यान देकर जल्द से जल्द उसके समाधान हेतु प्रयासरत रहती है। इसके अलावा सदस्यों को आसानी से सरकार की विभिन्न योजनाओं, सर्कुलर, नोटिस आदि से संबंधित हिंदी भाषा में भी उपलब्ध कराना सराहनीय कार्य है। मुझे उम्मीद है कि परिषद इसी तरह से आगे भी कार्य करता रहेगा।

श्री महेश वगानी, बीडीबी सदस्य ने लोगों के बीच अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह गर्व की बात है कि परिषद राजभाषा के प्रचार - प्रसार के लिए अपना अमूल्य योगदान दे रही है। हिंदी में चीजों का प्रचार- प्रसार उद्योग जगत के लिए बेहद आवश्यक है।

कार्यक्रम का सफल संचालन परिषद के सदस्यता विभाग के निदेशक एवं हिन्दी के प्रभारी श्री मिथिलेश पांडेय द्वारा किया गया।

GJEPC
INDIA
मुंबई | शनिवार 14/09/2019